पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने राष्ट्रपति से भेंट की
राष्ट्रपति को अपने द्‌वितीय वर्ष के कार्यवृत्त की प्रति भेंट की
मथुरा, कैराना एवं दादरी सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई

लखनऊः 25 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी से शिष्टाचारिक भेंट की। राज्यपाल ने इस अवसर पर राष्ट्रपति को अपने द्‌वितीय वर्ष के कार्यवृत ‘राजभवन में राम नाईक 2015-16‘ की प्रति भेंट की। राज्यपाल ने भेंट के दौरान राष्ट्रपति से मथुरा, कैराना एवं दादरी सहित अन्य विषयों पर भी चर्चा की।

उल्लेखनीय है कि गत 13 जुलाई, 2016 को श्री राज्यपाल दिल्ली दौरे पर गये थे जहां उन्होंने उपराष्ट्रपति श्री मोहम्मद हामिद अंसारी, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री श्री राजनाथ सिंह सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रीगणों से मुलाकात की थी। तत्समय राष्ट्रपति के दार्जिलिंग भ्रमण पर जाने के कारण उनसे राज्यपाल की भेंट नहीं हो सकी थी।

अंजुम/ललित/राजभवन (256/26)




राजभवन में
राम नाईक
2015–16